
# पश्चिमि अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय

हाल ही में **नाइजर में तख्तापलट** की घटना के परिणामों से निपटने में **पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय** (Economic Community of West African States- ECOWAS) की सक्रिय भागीदारी ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है।

- **सैन्य तख्तापलट कर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को अपदस्थ करने वाली** यह घटना विश्व स्तर पर एक अप्रत्याशित खतरे का संकेत है।

## पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय:

- **परिचय:**
  - ECOWAS, जिसे फ्रेंच में CEDEAO के नाम से भी जाना जाता है, **वर्ष 1975 में स्थापित एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन** है।
  - **लागोस संधि** के माध्यम से गठित ECOWAS का उद्देश्य **पश्चिमि अफ्रीकी देशों के बीच आर्थिक एकीकरण, सहयोग और विकास को बढ़ावा देना है।**
  - इसका सचिवालय अबूजा, नाइजीरिया में है।
- **सदस्य राज्य:**
  - ECOWAS में कुल 15 सदस्य देश शामिल हैं: **बेनिन, बुर्किना फासो, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, गाम्बिया, घाना, गिनी, गिनी बिसाऊ, लाइबेरिया, माली, नाइजर, नाइजीरिया, सिएरा लियोन, सेनेगल और टोगो।**
- **प्राथमिक लक्ष्य और उद्देश्य:**
  - सदस्य देशों के बीच आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना।
  - **लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के मुक्त आवागमन की सुविधा** प्रदान करना।
  - **उद्योग, परिवहन, ऊर्जा और वित्त सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग** बढ़ाना।
  - **लोकतांत्रिक सिद्धांतों, कानून के शासन और सुशासन द्वारा शासित एक सीमाहीन क्षेत्र** को बढ़ावा देना।
  - सहयोग और संघर्ष के समाधान के माध्यम से सुरक्षा एवं राजनीतिक चुनौतियों का समाधान करना।
- **उपलब्धियाँ एवं पहल:**
  - एक क्षेत्रीय शांति सेना की स्थापना जिसे **पश्चिमि अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय निगरानी समूह (Economic Community of West African States Monitoring Group- ECOMOG)** के नाम से जाना जाता है, जिसने 1990 और 2000 के दशक के दौरान **लाइबेरिया** और सिएरा लियोन में संघर्षों को सुलझाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - आर्थिक एकीकरण और व्यापार को बढ़ावा देने, **एक सामान्य मुद्रा बनाने के लिये ECOWAS एकल मुद्रा पहल** शुरू करना।
  - संयुक्त पहल और सहयोग के माध्यम से आतंकवाद, मानव तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने के प्रयासों का समर्थन करना।




//

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष प्रश्न

**प्रश्न. हाल के वर्षों में चाड, गिनी, माली और सूडान ने निम्नलिखित में से किसी एक कारण से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया, जो इन सभी देशों से संबंधित है?**

(a) दुर्लभ मृदा तत्त्वों से समृद्ध निक्षेपों की खोज
(b) चीनी सैन्य बेस का स्थापित होना
(c) सहारा मरुस्थल का दक्षिणाभिमुखी प्रसार

(d) सफल तख्ता-पलट

**उत्तर: (d)**

## [स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

---

# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 अगस्त, 2023

## सुस्वागतम पोर्टल

हाल ही में **सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court- SC) ने 'सुस्वागतम' पोर्टल लॉन्च करने की घोषणा की, जो अधिवक्ताओं, आगंतुकों, प्रशिक्षुओं और अन्य लोगों को स्वयं को ऑनलाइन पंजीकृत** करने तथा शीर्ष न्यायालय (Apex Court) में प्रवेश के लिये ई-पास (E-Passes) प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

- जुलाई 2023 में **पोर्टल का पायलट प्रोजेक्ट (Pilot Project) के रूप में परीक्षण किया गया और उसे उपयोगकर्त्ताओं से सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ मिलीं।**
- यह **एक वेब-आधारित और मोबाइल-अनुकूल एप्लीकेशन है जो उपयोगकर्त्ताओं को विभिन्न उद्देश्यों जैसे कि न्यायालय की सुनवाई में भाग लेने, अधिवक्ताओं से मिलने आदि के लिये ई-पास के लिये अनुरोध करने की अनुमति देता है।**

**और पढ़ें...** [न्यायपालिका का भारतीयकरण]

## अरुणाचल रंग महोत्सव

**अरुणाचल रंग महोत्सव भारत के विभिन्न राज्यों में मनाया जाने वाला चार दिवसीय उत्सव है।**

- यह **एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सिद्धांतों के अनुरूप** है।
- यह **उत्सव नाटक के माध्यम से अरुणाचल के इतिहास को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से** मनाया जाता है, इसके तहत **4 नाटक दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और गुवाहाटी में प्रदर्शित** किये जाने थे।




और पढ़ें... [अरुणाचल प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस]

## मालाबार 2023 में INS सह्याद्रि और INS कोलकाता हिस्सा लेंगे

**भारतीय नौसेना** के स्वदेशी युद्धपोत **INS सह्याद्रि** और **INS कोलकाता**, **मालाबार अभ्यास** 2023 में भाग लेंगे इस अभ्यास का आयोजन 11 से 21 अगस्त, 2023 तक सिडनी के निकट क्या जाना है।

- **अमेरिकी नौसेना (USN), जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JMSDF) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (RAN)** के जहाज़ और विमान भी इस अभ्यास का हिस्सा होंगे।
  - वर्ष 1992 में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच द्विपक्षीय प्रयास के रूप में शुरू हुई **समुद्री अभ्यास की मालाबार शृंखला का** उल्लेखनीय रूप से विकास हुआ है, जो अब भारत-प्रशांत क्षेत्र के चार महत्त्वपूर्ण नौसैनिक बलों को शामिल करती है।

**और पढ़ें...** मालाबार अभ्यास

## भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु तमिलनाडु में नया स्पेसपोर्ट स्थापित

भारत, **तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम में एक नए स्पेसपोर्ट की स्थापना** के साथ अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं का विस्तार करेगा।

- स्पेसपोर्ट का उपयोग **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** द्वारा विकसित **लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV)** को लॉन्च करने के लिये किया जाएगा, जो कम लागत वाले छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष तक पहुँचाने के लिये डिज़ाइन किये गए हैं।
- **भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023** के अनुसार तकनीकी और सुरक्षा आवश्यकताओं के अधीन यह स्पेसपोर्ट **गैर-सरकारी संस्थाओं (NGE)** द्वारा उपयोग किये जाने हेतु खुला रहेगा।
  - सरकार ने NGE की अंतरिक्ष गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने और अधिकृत करने के लिये एजेंसी के रूप में **भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe)** की स्थापना भी की है।

**और पढ़ें...** भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023, लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/c/print